# डिब्रूगढ़ वीकेवी में दसवीं व बारहवीं के मेधावियों का सम्मान

## असफलताओं के बाद भी मिलती है सफलता : जिला आयुक्त

**पूर्वांचल प्रहरी कार्यालय संवाददाता**



**डिब्रूगढ़ :** डिब्रूगढ़ के अन्यतम शैक्षणिक संस्थान विवेकानंद केंद्र विद्यालय में बृहस्पतिवार को आयोजित अभिनंदन समारोह में दसवीं व बारहवीं के मेधावी छात्रों का सम्मान किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में डिब्रूगढ़ के आयुक्त विक्रम कैरी व आमंत्रित अतिथि के रूप में डिब्रूगढ़ नगर निगम के मेयर डॉ. सैकत पात्र, रामकृष्ण मिशन, डिब्रूगढ़ के सचिव स्वामी दिव्यबिभानंद महाराज के साथ ही समाजसेवी डॉ. सिद्धार्थ शर्मा, डॉ. कुंजलता देउरी, राजकुमार केजरीवाल व नलिन खेमानी के साथ गणमान्य व्यक्ति तथा अभिभावक व छात्र उपस्थित थे। विद्यालय के प्रिंसिपल रवींद्रनाथ सावडेकर ने स्वागत भाषण देते हुए विद्यालय की स्थापना के बाद से क्रमश: विद्यालय की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। समारोह में मुख्य अतिथि आयूक्त विक्रम कैरी, मेयर डॉ. सैकत पात्र व स्वामी दिव्यबिभानंद महाराज ने दसवीं व बारहवीं के मेधावी छात्रों को फुलाम गामोछा व पुस्तक देकर सम्मानित किया। आयुक्त विक्रम कैरी ने मेधावी छात्रों को बधाई देते हुए कहा कि शैक्षणिक जीवन मे कई बार बच्चे असफल होते हैं। इसका मतलब यह नहीं की वे हारकर आत्महत्या जैसे पथ अपना लें। बल्कि उन्हें यह बात याद रखनी चाहिए असफलताओं के बाद भी सफलता मिलती है। जीवन मे हरेक व्यक्ति कभी न कभी किसी न किसी क्षेत्र में असफल रहते हैं। उन्होंने कहा कि उन्हें भी जीवन मे कई असफलता मिली है पर वे आज आयुक्त के रूप में उनके समक्ष खड़े हैं। समारोह में अन्य लोगों ने भी अपने विचार विद्यार्थियों के समक्ष रखे। कार्यक्रम के अंत मे विद्यालय के वाइस प्रिंसिपल आरएम ठाकरे ने सभी का धन्यवाद ज्ञापन करते हुए बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# ईस्ट सियांग सैनिक स्कूल के वार्षिक दिवस कार्यक्रम में अरुणाचल के राज्यपाल ने की शिरकत

**पूर्वांचल प्रहरी निज संवाददाता**





**जोनाई:** अरुणाचल प्रदेश के ईस्ट सियांग जिला के समीप स्थित सैनिक स्कूल ईस्ट सियांग में बीते कल बुधवार को वार्षिक दिवस मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में अरुणाचल प्रदेश के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल कैवल्य त्रिविक्रम परनायक, पीवीएसएम, यूवाईएसएम, वाईएसएम (सेवानिवृत्त) उपस्थित थे। वहीं सम्मानीय अतिथि के रूप में 56 इंफेंट्री डिविजन के जीओसी मेजर जनरल आकाश जौहर तथा पासीघाट स्थित अरुणाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. तामो रीबा सहित अरुणाचल प्रदेश के शिक्षा सचिव अमजद तक, जिला उपायुक्त ताई तागु, जिला पुलिस अधीक्षक डॉ. सचिन कुमार सिंघल सहित कई विभागों के शीर्ष अधिकारी और सेना के अधिकारीगण उपस्थित थे। इस अवसर पर स्कूल के मुखपत्र औरोरा का विमोचन राज्यपाल ने किया। अपने संबोधन में राज्यपाल परनायक ने कहा कि आप सभी को गर्व होना चाहिए कि आप का बच्चा सैनिक स्कूल में पढ़ रहा है। जहां उनका मानसिक और शारीरिक विकास के साथ ही बौद्धिक विकास भी हो रहा हैं। जो किसी भी परिस्थिति से लड़ने के लिए समक्ष हो रहे हैं। साथ ही उन्होंने सैनिक स्कूल ईस्ट सियांग के प्राचार्य कमांडर प्रवीण कुमार पोला के नेतृत्व में स्कूल के विकास और कैडेटों के उत्साह की प्रशंसा की। उन्होंने आगे कहा कि आपको अपने बच्चे को सैनिक स्कूल में पढ़ाने का फैसला एकदम सही हैं। स्कूल के वार्षिक दिवस के अवसर पर प्राचार्य कमांडर प्रवीण कुमार पोला ने हाई स्कूल की परीक्षा में स्कूल के पहले बैच तथा दूसरे बैच के कैडेटों द्वारा किए गए प्रदर्शन के बारे में बताते हुए कहा कि पहले बैच से हमारे विद्यालय के कैडेट ने जिला भर में पहला स्थान प्राप्त किया, जबकी इस बार की हाई स्कूल की परीक्षा में हमारे स्कूल के कैडेट को राज्य में तृतीय स्थान और जिला में द्वितिय स्थान प्राप्त किया। दोनों वर्षो में कैडेटों द्वारा सौ प्रतिशत सफलता के साथ ही अधिकांश कैडेटों ने पहला स्थान प्राप्त किया। साथ ही राज्यपाल ने हाईस्कूल की परीक्षा में उत्तकृष्ट प्रदर्शन करने वाले कैडेटों को सम्मानित किया। साथ ही उन्होंने स्कूल के प्राचार्य प्रवीण कुमार पोला को भी सम्मानित किया। स्कूल वार्षिक दिवस के अवसर पर कैडेटों ने हाई हार्स जम्प, फायर जम्प, विभिन्न कला, मार्शल आर्ट्स और सांस्कृतिक कार्यक्रम व विज्ञान प्रदर्शनी का प्रदर्शन किया।

# जोरहाट : सड़क हादसे में किशोरी की मौत, युवक घायल

### परिवार वालों ने युवक दास पर लगाया किशोरी को जबरन ले जाने का आरोप

**पूर्वांचल प्रहरी नगर संवाददाता**
**जोरहाट :** जोरहाट जिले के पुलिबर थानांतर्गत उत्तर पश्चिम जोरहाट के होरूसराई सेगेंलीआटी में गत बुधवार की शाम घटी सड़क दुर्घटना में एक किशोरी की मौके पर मौत हो गई। जबकि घटना में अन्य एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। मृत किशोरी की पहचान बरुहुज गांव के माइनु दास (15) के रूप में की गई है। वहीं घायल युवक की पहचान अंकुर दास (22) के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार कल शाम नंबर प्लेट विहिन एक बाइक पर दोनों सवार होकर उत्तर पश्चिम जोरहाट के सोलमोरा के रास्ते से जा रहे थे। इस बीच सेंगेलीआटी में नियंत्रण खोकर बाइक सड़क किनारे स्थित बिजली खंभे जा टकराई। घटना में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए, जिसे देखते हुए स्थानीय लोगों ने इसकी जानकारी पुलिस को दी। पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से दोनों घायलों को जेएमसीएच भेज दिया। इधर जेएमसीएच पहुंचते ही चिकित्सकों ने किशोरी को मृत घोषित कर दिया। वहीं घायल को चिकित्सा देने के बाद स्थिति गंभीर होने के चलते आईसीयू में रखा गया है। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त बाइक को जब्त कर लिया है। वहीं दूसरी ओर किशोरी के परिवारवालों ने इस घटना को सहज रूप से नहीं ले रहा है। मृत किशोरी के परिजनों ने आरोप लगाया कि किशोरी का अपहरण करके हत्या की गई है और उसे दुर्घटना का नाम दिया जा रहा है। मृत किशोरी के पिता ने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि उक्त गांव के अंकुर दास उर्फ पिटिका ने अपने एक दोस्त के साथ मिलकर किशोरी को जबरन बाइक में बैठाकर वहां ले गया था। उन्होंने कहा कि किशोरी की हत्या करने बाद दुर्घटना का नाम देकर अंकुर बचना चाहता है। घटना को लेकर पूरे अंचल में तीखी प्रतिक्रिया देखी जा रही है। मृत किशोरी के परिवारवालों के साथ ही गांववासियों ने भी घटना की उचित जांच की मांग की है और घटना से जुड़े दोषियों की शिनाख्त करके कड़ी से कड़ी सजा देने की मांग की है। आरोप-प्रत्यारोप के बीच उलझती गुत्थी पुलिस की जांच के बाद सुलझ पाएगी।

# पानीतोला शैक्षिक विकास मंच की छात्र-छात्राओं के साथ सजगता सभा व अभिनंदन कार्यक्रम आयोजित



**पूर्वांचल प्रहरी निज संवाददाता**
**चबुवा :** पानीतोला शैक्षिक विकास मंच के तत्वावधान में पानीतोला उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में एक दिवसीय कार्यक्रम के तहत वृहत्तर पानीतोला अंचल के छात्र-छात्राओं को लेकर एक शैक्षिक सजगता सभा और मेधावी छात्र-छात्राओं का अभिनंदन कार्यक्रम आयोजित किया गया। पानीतोला शैक्षिक विकास मंच के अध्यक्ष प्रशांत बरुवा की अध्यक्षता में आयोजित सभा में 2024 वर्ष में मैट्रिक एवं उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में सुख्याति से उतीर्ण अंचल के दस छात्र-छात्राओं का अभिनंदन किया गया। इस सभा में उच्चतर माध्यमिक परीक्षा में सुख्याति से उतीर्ण अति दरिद्र परिवार की छात्रा दीपशिखा बरुवा को नगद तीन हजार रुपए के साथ पाठन सामग्री प्रदान किया गया। पानीतोला शैक्षिक विकास मंच के सचिव उज्जवल बरुवा की परिचालना में आयोजित शैक्षिक सभा में मुख्य वक्ता के रुप में उपस्थित विशिष्ट कवि तथा डिब्रूगढ़ जिला कवि सम्मेलन के अध्यक्ष पवित्र गोगोई ने छात्र-छात्राओं को संबोधित किया। मेधावी छात्र लरेंस गोगोई और भेरनिका गोगोई ने कैरियर काउंसलिंग पर अपने विचार रखे। सभा में पानीतोला उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के अध्यक्ष प्रांजल गोहांई,,बगडुंग उच्च माध्यमिक विद्यालय के पूर्व अध्यक्ष लंबेश्वर गोहाईं, समाज कर्मी रहेंद्र मोरान, बरुवाहोला उच्च माध्यमिक विद्यालय के प्रधान शिक्षक प्रणव ज्योति सेनापति,पानीतोला उच्च माध्यमिक बालिका विद्यालय की अध्यक्ष प्राणजिता दास ,मटक युवा छात्र परिषद के तिनसुकिया जिला समिति के सह सचिव कल्याण चेतिया, पत्रकार रक्तिम दास सहित कई अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# सिलापथार में सात पार्षदों के अविश्वास प्रस्ताव के बाद नगरपालिका भंग

**पूर्वांचल प्रहरी निज संवाददाता**
**सिलापथार:** सिलापथार नगरपालिका के 12 वार्डों में सात वार्ड पार्षदों ने वर्तमान के पालिकाध्यक्ष लावण्य पाइत दोलै के खिलाफ वित्तीय अनियमितताओं का आरोप लगाते हुए अविश्वास प्रस्ताव लाया था और लिखित रूप से जिला आयुक्त को सौंपा था। जिला आयुक्त की उपस्थित में हाल ही में एक बैठक का आयोजन किया, लेकिन उस बैठक में अविश्वास प्रस्ताव लाने वाले पार्षद शामिल होने नहीं पाए। इसमें से एक पार्षद को पुलिस ने उसी दिन कैद कर लिया था। दूसरे दिन विपक्ष के सातों पार्षदों ने गौहाटी उच्च न्यायालय में आवेदन किया था। कल न्यायालय के निर्देशानुसार नगरपालिका के अध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पर बैठक बुलाई गई बैठक में लावण्य पाइत को आमंत्रण भेजा था, लेकिन वह बैठक में मौजूद नहीं हुए, जिसके बाद नगरपालिका समिति को भंग कर दिया गया। आगामी एक सप्ताह के भीतर नगरपालिका की नई समिति की घोषणा की जाएगी।

# मनोवैज्ञानिक लिंजा हजारिका ने बताए सफलता के गुर

**दुमदुमा :** दुमदुमा अंचल के रुपाई साइडिंग स्थित माडर्न अकादमी सीनियर सेकेंडरी स्कूल में नोएडा स्थित एमिटी यूनिवर्सिटी की मनोवैज्ञानिक, प्रशिक्षक, विजिटिंग आचार्य रुपाई साइडिंग लाचित नगर निवासी लिंजा हजारिका ने अपने सुझाव अभिभावक के बीच प्रस्तुत किए। लिंजा ने बताया कि अभिभावकों को सकारात्मक सोच से खुद को मानसिक शारीरिक रूप से स्वास्थ्य रखना और बच्चों के प्रति नकारात्मक व्यवहार से दूरी बनाए रखना है। अगर हम किसी भी पड़ोसी के बच्चे की कामायाबी को बार बार अपने बच्चों के सामने जिक्र कर अपमानित करने के बजाय हम उसकी कामायाबी के और ऊपर उठने का प्रोत्साहन करें। वर्तमान युग में मोबाइल फोन कंप्यूटर और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से बच्चे अधिक प्रतीभाशाली है। कार्यक्रम में स्कूल के प्राचार्य प्रभात बिकोमिया, देवरी स्कूल के प्रधानाध्यापक अमुल्य बर्मन आदि उपस्थित थे। **( पूप्रविसं )**

# पुरातत्व विभाग के कर्मचारी का शव बरामद

**शिवसागर :** शिवसागर के समीप रुद्रसागर स्थित एक किराये के मकान में एक युवक का शव बरामद हुआ। युवक की पहचान सुमित बरगोहाईं (27) के रूप में की गई है। सुमित का शव दिलीप दास के किराये के मकान के कमरे में मिला। मालूम हो कि सुमित धेमाजी के हिरण्य बरगोहाईं का पुत्र है। सुमित शिवसागर में पुरातत्व विभाग का कर्मचारी था और पिछले आठ माह से वह दिलीप दास के किराये के मकान में रह रहा था। इस बीच आज उसका शव उसके बिस्तर पर मिला। मौत का कारणों का अभी तक पता नहीं चल पाया है। युवक की मौत को लेकर अंचल में शोक व्याप्त है। पुलिस ने दंडाधीश की उपस्थिति में शव को पोस्टमार्टम हेतु शिवसागर सिविल अस्पताल भेज दिया। **( पूप्रनिसं )**

# गोलाघाट में नेटा की टीसीपीएल व एचयूएल के साथ चाय में खाद्य सुरक्षा अनुपालन पर बैठक संपन्न

**पूर्वांचल प्रहरी नगर संवाददाता**




**गोलाघाट :** गोलाघाट के बेगेनाखोवा स्थित नॉर्थ ईस्टर्न टी एसोसियेशन (नेटा) के सभाकक्ष में बुधवार को नेटा के सौजन्य से टाटा कंज्यूमर प्रोडक्ट लिमिटेड (टीसीपीएल), हिंदुस्तान यूनिलीवर लिमिटेड (एचयूएल) के सहयोग से चाय में खाद्य सुरक्षा अधिनियम (एफएसएसआई) के अनुपालन के संदर्भ में एक बैठक आयोजित हुई। उक्त बैठक में चाय बागान मालिकों के बीच रासायनिक खादों के प्रयोग के प्रति जागरूकता को बढ़ावा देकर चाय बागानों में चाय के पौधों के रोपण, नियमित अनुपात में रसायनों के छिड़काव (एमआरएल) के साथ चाय बागान में उपयोग किए जाने वाले रसायनों की विस्तृत जानकारी वाली एक पुस्तिका भी जारी की गई, ताकि चाय बागान मालिकों के साथ ही छोटे चाय उत्पादकों के लिए भी बीच जागरूकता पैदा किया जा सके। ताकि सुरक्षित, स्वस्थ और अच्छी गुणवत्ता वाली चाय को बढ़ावा दिया जाए। उक्त पुस्तिका में उन रसायनों की एक अतिरिक्त सूची भी शामिल है, जिसमें चाय में उपयोग के लिए प्रतिबंधित अथवा अनुमोदित हैं। चाय उत्पादकों की सुविधा के लिए इसे अंग्रेजी और असमिया में मुद्रित किया गया है। इस पुस्तिका की टीसीपीएल, एचयूएल, टी बोर्ड और स्मॉल टी ग्रोअर्स एसोसिएशन के प्रतिनिधियों सहित बैठक में उपस्थित सभी लोगों ने काफी सराहना की। इस दौरान नेटा के अध्यक्ष अजय ढंढारिया ने चाय में खाद्य सुरक्षा मानदंडों के संबंध में हाल के घटनाक्रमों के बारे में सदन को जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पिछले कुछ महीनों में खाद्य सुरक्षा अधिनियम के मामलों पर जागरूकता पैदा करने के लिए नेटा के सदस्यों द्वारा बड़े पैमाने पर जागरूकता अभियान आयोजित किए। वहीं नेटा और उनके सदस्यों के इस प्रयास की टीसीपीएल और एचयूएल के प्रतिनिधियों ने सराहना की। बैठक में अध्यक्ष अजय ढंढारिया ने चाय उद्योग के क्षेत्र में कृषि मंत्री, सरकार की भूमिका की सराहना करते हुए राज्य के कृषि मंत्री अतुल बोरा को मोनोक्रोटोफॉस नामक प्रतिबंधित रसायन की बिक्री, स्टॉक, वितरण एवं उपयोग पर पूर्ण रुप से प्रतिबंध लगाने की त्वरित पहल के लिए धन्यवाद ज्ञापन किया। इसी तर्ज पर नेटा ने राज्य सरकार से चाय उत्पादकों को छह अन्य कीटनाशकों -एसीटामिप्रिड, साइपरमेथ्रिन, एसीफेट, इमिडाक्लोप्रिड, फिप्रोनिल, डिनोटफ्यूरन की बिक्री पर प्रतिबंध लगाने का अनुरोध किया था। ऐसे साहसिक कदम केवल राज्य सरकार द्वारा ही उठाए जाना संभव है। जिसके परिणामस्वरूप चाय में गैर-अनुपालन की अधिकांश समस्याएं स्वत: समाप्त हो जाएंगी। चाय उद्योग के हितधारकों ने चाय को खाद्य सुरक्षा मानदंडों के अनुरूप उत्पादन करने के लिए मिलकर काम करने की आवश्यकता व्यक्त की। ताकि उपभोक्ता को दी जाने वाली प्रत्येक कप चाय सुरक्षित और स्वास्थ्यवर्धक हो।

# जोरहाट के बालीगांव में अज्ञात बदमाशों ने किया युवक पर हमला, शिकायत दर्ज

**जोरहाट :** जोरहाट जिले के बालीगांव में आज अज्ञात बदमाशों के हमले में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक की पहचान बालीगांव प्रांजल बोरा के रूप में की गई है। जानकारी के अनुसार आज कॉलेज से आते समय एक युवक ने प्रांजल पर पेंचकस से हमला कर दिया। हमले में प्रांजल के सिर पर गंभीर चोंटें आई है। घटना को लेकर प्रांजल की मां ने बताया कि राजोतिया गांव के सनी नामक युवक ने प्रांजल पर हमला किया है। साथ ही उन्होंने बताया कि हमला इतना जोरदार था कि पेंचकस प्रांजल के सिर के एक ओर से घुसकर दूसरी ओर निकल गया। प्रांजल की मां ने बताया कि कल फोन पर दोनों की झगड़ा हुआ था। इसके बाद आज प्रांजल पर सनी ने हमला कर दिया। गंभीर रूप से घायल प्रांजल को जेएमसीएच में भर्ती करवाया गया है। वहीं दूसरी ओर इस संदर्भ में प्रांजल के परिजनों ने थाने में शिकायत दर्ज करवाई है। दर्ज शिकायत के आधार पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने सनी को हिरासत में लिया है। **( पूप्रनसं )**

# दुमदुमा में मायुमं प्रगति शाखा द्वारा आपणो समाज शीर्षक कार्यक्रम संपन्न

**पूर्वांचल प्रहरी विशेष संवाददाता**



**दुमदुमा :** मारवाड़ी युवा मंच की दुमदुमा प्रगति शाखा के सौजन्य से मंगलवार को आपणो समाज नामक कार्यक्रम में कल, आज और कल पर वर्तमान परिप्रेक्ष्य में सामाजिक स्थितियों पर चिंतन एवं विमर्श किया गया। इस अवसर पर पारिवारिक संरचना, वैवाहिक संबंध तय होने में बढ़ती परेशानियां, वैवाहिक कार्यक्रम में बढ़ता आडंबर एवं गलत आचरण, वैवाहिक जीवन में बढ़ती कड़वाहट एवं परेशानियां, व्यापार वाणिज्य में बढ़ती चुनौतियां, भाषा, संस्कार, साहित्य और संस्कृति में वर्तमान पीढ़ी की निराशाजनक रूचि आदि विषय पर विभिन्न उदाहरणों के साथ विचारों को साझा किया गया। मुख्य वक्ता के रूप में तिनसुकिया से मशाल पुरूष के रूप में ख्यात रामजीवन सुरेका एवं सहायक वक्ता के रूप में पूर्वोत्तर प्रदेशीय मारवाड़ी युवा मंच के पूर्व महामंत्री संजय त्रिवेदी ने व्याख्या करते हुए समाज को अपनी महान परंपरा की याद दिलाई। इस अवसर पर दोनों वक्ताओं के अलावा मायुमं मंडलीय उपाध्यक्ष मिंटू मोदी, दुमदुमा मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष महावीर प्रसाद मोदी, प्रगति शाखा की अध्यक्षा अनु मोदी, सचिव अलका मोदी मंचासीन थे। अतिथियों के साथ ही मारवाड़ी समाज के वयोवृद्ध समाजसेवी राजकुमार अग्रवाल को भी पगड़ी दुपट्टा से सम्मानित किया गया। दीप प्रज्वलन से समारोह की शुरुआत की गई। इस अवसर पर दसवीं और बारहवीं की परीक्षा के मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। इस दौरान राजस्थानी गीत पर एक नृत्य पेश किया गया, जिसकी लोगों ने खुब प्रसंशा की। समाज के बच्चों एवं महिलाओं द्वारा मारवाड़ी भाषा के अतीत, वर्तमान और भविष्य पर एक प्रेरणादाई नाटक प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम का संचालन दामोदर गोयल ने किया। इसके बाद दोनों वक्ताओं ने कहा कि पहले अपने समाज में अपनी भाषा और संस्कृति पर जोर अधिक था और वर्तमान समय में अपनी भाषा और संस्कृति धीरे-धीरे लुप्त होती जा रही है। समाज के बच्चों को अपनी मातृभाषा अच्छी तरह से बोलनी नहीं आती। समाज की संस्कृति और भाषा को भुलाया जा रहा है। घर में बच्चों के साथ अपनी भाषा में बात नहीं करने से आने वाली पीढ़ी अपनी भाषा से विमुख होती जा रही है। इसी तरह मारवाड़ी संस्कृति भी धीरे-धीरे लुप्त होती जा रही है। आगे भविष्य में क्या होगा इस पर चिंतन और विमर्श करना बहुत जरूरी है। समाज में पनप रहे पाश्चात्य संस्कृति से उत्पन्न विकृतियों को उल्लेखित करते हुए मुख्य वक्ता तिनसुकिया के राम जीवन सुरेका, सहायक वक्ता संजय त्रिवेदी ने समाजबंधुओं से इन विषय पर चिंतन करने पर जोर दिया। लोगों ने प्रगति के इस कार्यक्रम की सराहना की और अपनी भाषा और संस्कृति को अपनाने पर जोर दिया। समारोह के प्रारंभ में प्रगति शाखा की अध्यक्षा अनु मोदी ने स्वागत संबोधन दिया। प्रगति शाखा की रिंकी पटवारी एवं नेहा माहेश्वरी उक्त कार्यक्रम की संयोजिका थी।